पत्रांकः– 14/ए०एफ०–21/2019...

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

कुलसचिव,
बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......../......./2020

विषयः– ए० पी० जे० अब्दुल कलाम डिग्री महाविद्यालय, पकड़ी देवराज, रामनगर, पश्चिमी चम्पारण को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2020–21 एवं 2021–22 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक– B/725 दिनांक 27.05.2020 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा–21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या–1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने ए० पी० जे० अब्दुल कलाम डिग्री महाविद्यालय, पकड़ी देवराज, रामनगर, पश्चिमी चम्पारण को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के प्रस्तावित विषयों में सत्र 2020–21 एवं 2021–22 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे सहमति प्रदान की है।

क्र० सं०	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, अंग्रेजी, ऊर्दू, संस्कृत, परसियन, मैथिली, भोजपुरी, संगीत, बंगला, गृह विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र, गणित एवं भूगोल। (कुल 19 विषयों में)
02	विज्ञान संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जंतु–विज्ञान, गणित एवं इलेक्ट्रॉनिक्स। (कुल 06 विषयों में)
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	एकाउन्टेन्सी, बिजनेस फाइनान्स, बिजनेस इन्वॉरमेन्ट एवं कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन (कुल 04 विषयों में) ।

यह आदेश विद्वान महाधिवक्ता द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। साथ ही एल०पी०ए० संख्या–1404/2018 में विभाग द्वारा माननीय न्यायालय में दायर M.J.C के फलाफल से उक्त आदेश प्रभावित होगा।

विश्वासभाजन
ह०/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– 14/ ए०एफ०–21/2019...–905 पटना, दिनांक 31/08/2020

प्रतिलिपिः– माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा/ सचिव, ए० पी० जे० अब्दुल कलाम डिग्री महाविद्यालय, पकड़ी देवराज, रामनगर, पश्चिमी चम्पारण एवं आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/8/2020

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

Sec_14#2020